**समस्या** डीपीआर तैयार, मंजूरी का है इंतज़ार, जाने कब बिछेगी राहत की लाइन

# जबलपुर-गोंदिया के बीच ट्रैक दोहरीकरण का कार्य अधर में

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर से गोंदिया वाया नैनपुर होकर पहले रेलवे की नैरोगेज ट्रेन थी। जो कई वर्षों तक ट्रेन दौड़ती रही। उस वक्त नैनपुर भारत का ही नहीं बल्कि पूरे एशिया का सबसे बड़ा जंक्शन स्टेशन हुआ करता था। लेकिन आज यह पूरा सिंगल लाइन ट्रैक अनदेखी का शिकार हो रहा है। नवभारत द्वारा चलाई गई मुहिम के बाद जैसे तैसे वर्ष 1996-97 में ट्रैक को ब्रॉडगेज में बदलने की आस जागी, काम शुरू हुआ तो 21 साल से ज्यादा का वक्त लगा तब कहीं जाकर यह बड़ी लाइन में तब्दील हो पाया। अब एक बार फिर नवभारत इसके दोहरीकरण की आवाज समय समय पर उठाने की कवायद कर रहा है। वही आम लोगों का कहना है कि डबल लाइन करने के लिए भी पता नहीं कितना इंतजार करना पड़ेगा। जिस वक्त ब्रॉडगेज का काम शुरू हुआ था उसी समय अगर इसका दोहरीकरण हो जाता तो रेलवे का समय और पैसे दोनों बचते। वर्तमान में जबलपुर-गोंदिया ब्रॉडगेज लाइन पहले से ही 1,676 मिमी चौड़े ब्रॉडगेज में बदल दी गई है और विद्युतीकरण भी हो चुका है। अभी इस ट्रैक से गया चेन्नई एक्सप्रेस, रीवा-पुणे और जबलपुर रायपुर इंटरसिटी के अलावा भी कई गाड़ियां दौड़ रही है। डबल लाइन होने से ट्रेनों की संख्या बढ़ेगी और यात्रियों का आवागमन आसान होगा। निश्चित है कि इस ट्रैक के दोहरीकरण में बजट भी बढ़ जाएगा।

### फैक्ट फ़ाइल

- नई लाइन कछपुरा गढ़ा होते हुए नैनपुर, गोंदिया तक वर्तमान रेलमार्ग के समानांतर बिछेगी।
- गोंदिया बल्लारशाह लाइन पर काम पहले से शुरू हो चुका है।
- गोंदिया-बालाघाट रेलखंड में अधिकतर भूमि रेलवे के पास उपलब्ध
- दोहरीकरण (डबलिंग) के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण को मंजूरी मिल चुकी है।
- रेल लाइन के दोहरीकरण के लिए डीपीआर भी तैयार किया जा चुका है
- बजट स्वीकृत होने की उम्मीद



### समस्या

बता दे कि गढ़ा और ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन भले ही जबलपुर के पश्चिम मध्य रेलवे में हैं लेकिन यह एरिया दक्षिण पूर्व मध्य रेल के बिलासपुर जोन में आता है। यही कारण है कि यहां की भी निर्णय हैं वहीं से लिए जाते हैं। इस रेल लाइन में नई गाड़ी चलाने और उसके परिचालन की जिम्मेदारी भी वहीं से तय होती है। यही वजह है कि कई तरह की समस्याओं का समाधान भी नहीं हो पाता है। हालांकि इसके पहले भी जब ब्रॉडगेज का काम शुरू हुआ तो इसके धीमी गति से परेशानी हुई थी। सूत्रों की माने तो भूमि अधिग्रहण को लेकर भी कुछ समस्याएं थीं।

### उत्तर से दक्षिण भारत में घटेगी दूरी

जबलपुर से होकर गोंदिया जाने वाले इस ट्रैक में डबल लाइन होने से इस रूट पर ट्रेनों की संख्या बढ़ जाएगी, वहीं उत्तर भारत से दक्षिण भारत आसानी से पहुंचा जा सकेगा। इसके साथ ही इस रेल लाइन से दक्षिण भारत की दूरी भी लगभग 271 किलोमीटर तक कम हो जाएगी। यात्रियों को इस रेलवे लाइन से जाने पर 4 घंटे का समय भी बचेगा। वहीं दोहरीकरण से मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के आदिवासी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार होगा।

### इनका कहना है

रेलवे बोर्ड को डीपीआर भेजा जा चुका है। जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है। ट्रैक के दोहरीकरण से यात्रियों को राहत मिलेगी।

**विपुल सुस्कर**
**सीपीआरओ, दपूमरे**

# व्यापमं घोटाले : आरोपी महिला डॉक्टर को सशर्त जमानत

**नियत समय-सीमा में रूरल सर्विस बांड राशि जमा करने पर एनओसी से नहीं किया जाएगा वंचित**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस हिमांशु जोशी की युगलपीठ ने प्रदेश के बहुचर्चित व्यापमं घोटाले की आरोपी डॉ. आकांक्षा तोमर को सशर्त राहत प्रदान की है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यदि याचिकाकर्ता निर्धारित समय-सीमा में रूल सर्विस बांड की राशि जमा कर देती हैं, तो केवल व्यापमं जांच लंबित होने के आधार पर उन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र से वंचित नहीं किया जा सकता। हालांकि, कोर्ट ने जांच एजेंसियों की आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ता पर कड़ी शर्तें लगाते हुए उसके देश छोड़ने पर सशर्त रोक भी लगा दी है। दरअसल ग्वालियर निवासी आकांक्षा तोमर ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर यह मांग की थी कि उन्हें रूरल सर्विस बांड से छूट दी जाए या फिर बांड की राशि जमा कर एनओसी जारी करने का आदेश दिया जाए। राज्य शासन की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता जान्हवी पंडित की दलील थी कि व्यापमं घोटाले की जांच अभी लंबित है और बांड समाप्त होने पर याचिकाकर्ता निगरानी क्षेत्र से बाहर जा सकती हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि केवल आशंका के आधार पर याचिकाकर्ता के संवैधानिक अधिकारों को रोका नहीं जा सकता, जब जांच एजेंसी के हितों की रक्षा शर्तों के माध्यम से की जा सकती है। न्यायालय ने माना कि उचित सुरक्षा उपाय अपनाकर याचिकाकर्ता की स्पेशल कोर्ट और जाँच एजेंसियों के सामने उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है। हाईकोर्ट ने याचिका का निपटारा करते हुए निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता 30 दिनों के भीतर ग्रामीण सेवा बांड की राशि जमा करें। आधार कार्ड, पैन कार्ड और पासपोर्ट की प्रतियां जमा करें। करीबी रिश्तेदारों से इंडेम्निटी बांड प्रस्तुत करें। दो जमानतदारों के साथ लिखित अंडरटेकिंग दें। सीबीआई कोर्ट की अनुमति के बिना देश छोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। देश से बाहर जाने के लिए संबंधित व्यापमं मामला जिस सीबीआई कोर्ट में लंबित है, भोपाल, जबलपुर व ग्वालियर उसकी अनुमति अनिवार्य होगी। इन शर्तों के पूरा होने पर, यदि कोई अन्य कानूनी बाधा नहीं है, तो राज्य शासन को याचिकाकर्ता के पक्ष में एनओसी जारी करनी होगी।

### नवयुगल जोड़े को प्रदान करो सुरक्षा, दमोह एसपी को निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस बीपी शर्मा की एकलपीठ ने दमोह एसपी को निर्देशित किया है वह याचिकाकर्ता नवयुगल को सुरक्षा प्रदान करें। दमोह के हटा निवासी स्वयं अग्रवाल एवं आर्या मिश्रा की ओर से अधिवक्ता विशाल डेनियल ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि कुछ समय पूर्व दोनों ने आपसी सहमति से हिन्दू रीति रिवाज से प्रेम विवाह किया है। युवती के परिजनों द्वारा विरोध किया जा रहा है और दोनों याचिकाकर्ताओं को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। युवक की हटा स्थित किराना दुकान को खोलने पर भी उसमें आग लगाने की धमकी दी गयी। याचिकाकर्ताओं ने 7 जनवरी इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी। कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

# मजाक उड़ाने के शक में दुकान संचालक का अपहरण

**अपहरणकर्ताओं ने रायल चौक से उठाया, धनवंतरी नगर ले गए, बेरहमी से पीटा**

**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना अंतर्गत रायल चौक मोड के पास मजाक उड़ाने के शक में मोबाइल दुकान संचालक का अपहरण कर लिया गया। अपहरणकर्ता युवक को न्यू प्लाटिंग सांई कालोनी के पास बेड़ी कन्स्ट्रक्शन धनवंतरीनगर ले गए जहां उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी घायल किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटकर भाग निकला। इसके बाद उसने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने बताया कि चंद्रकांत जैन 20 वर्ष निवासी मड़फैया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नेक्स्ट फोन जयंती काम्पलेक्स में मोबाइल की दुकान है। घर से मेन रेल्वे स्टेशन जाने के लिये निकला था। क्लब सोड़ा दुकान के सामने रायल चौक मोड के पास संजीवनीनगर पहुॅचा तभी यश प्रधान ने आवाज दी तो वह रूका, अचानक यश प्रधान अपने साथी हर्ष विश्वकर्मा एवं राम भटेले के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट करने लगा, और उसे जबरन यश प्रधान अपनी बुलेट मोटर सायकल में बैठाकर पीछे हर्ष विश्वकर्मा को बैठाकर न्यू प्लाटिंग साई कालोनी के पास बेड़ी कन्स्ट्रक्शन धनवंतरीनगर लेकर गये, उसने मारपीट करने का करण पूछा तो बोले कि तू एक लड़की के विषय में बोलकर मजाक उड़वाता है, उसने कहा कि मैंने किसी का मजाक नहीं उड़ाया है तो सभी उसके साथ विवाद करने लगे तभी राम भटेले भी आ गया, हर्ष एवं राम भटेले ने उसे पकड़ लिया और यश प्रधान ने डंडे से मारपीट की वह किसी तरह उनसे बचकर भाग निकला। पुलिस ने रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### एक्सीडेंट में घायल महिला की मौत

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत मरघटाई के पास हुए एक्सीडेंट में घायल महिला की मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सोमवार को मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि श्रीमति सुनीता बरकड़े 50 वर्ष निवासी अमखेरा गोहलपुर की मरघटाई के पास गोहलपुर में सड़क दुर्घटना में घायल होने से उपचार के लिए भर्ती कराई गई थी दौरान उपचार के श्रीमति सुनीता बरकड़े की मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# छात्रावास से तीन नाबालिग छात्र गायब



**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अंतर्गत रामपुर मांडवा स्थित एकलव्य आदिवासी आवासीय विद्यालय के छात्रावास से तीन नाबालिग छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गए। मंगलवार को पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक रामपुर मांडवा स्थित एकलव्य आदिवासी आवासीय विद्यालय के छात्रावास में रहने वाले छिंदवाड़ा, बरेला, सिवनी निवासी 15 व 16 वर्ष के तीन छात्र सोमवार रात्रि आठ बजे गायब हो गए। जब इसका पता छात्रावास जिम्मेदारों को लगी उनके होश उड़ गए। पहले तो उ न्होंने अपने स्तर पर खोजबीन की लेकिन जब तीनों छात्रों का कहीं कोई सुराग नहीं लगा तो मामले की सूचना उनके परिजनों, पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मंगलवार को छात्रों के परिजन पहुंच गए जिसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर पूरे मामले से अवगत कराया। इसके बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। अन्य थानों को भी सूचित किया है। साथ ही बच्चों की फोटो भी शेयर की गई है। पुलिस हर एंगल पर जांच पड़ताल कर रही है।

### फुटेज में दिखे, गेट कूदते नजर आए

टीआई नितिन कमल ने बताया कि तीन छात्र छात्रावास से लापता हुए है। पुलिस ने अ ज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है। सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज खंगाले तो छात्र गेट से कूदकर भागते नजर आ रहे है। पुलिस उनकी खोजबीन कर रही है । प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है छात्र प्लानिंग के तहत भागे है।



# जबलपुर में बैंक हड़ताल का व्यापक असर

**सरकारी बैंक शाखाओं में लटके ताले, बैंकिंग सेवा बाधित**

**नवभारत,जबलपुर।** यूनाईटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर मंगलवार 27 जनवरी को बैंक कर्मचारियों ने देशव्यापी हड़ताल की, जिसका असर जबलपुर में भी स्पष्ट रूप से देखने को मिला। शहर के प्रमुख राष्ट्रीयकृत बैंकों में कामकाज पूरी तरह ठप रहा और कई शाखाओं में ताले लटके रहे। इस दौरान शहर के बड़ी संख्या में शहरवासियों को वित्तीय काम के सिलसिले में खासी परेशानी का सामना करना पड़ा और उनके काम अटके रहे।

इस हड़ताल में देशभर के सरकारी बैंकों के कर्मचारी शामिल हैं। प्रमुख रूप से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया , पंजाब नेशनल बैंक , बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, इंडियन बैंक सहित अन्य सरकारी बैंकों के कर्मचारी हड़ताल पर रहे।

जानकारी के अनुसार हड़ताल के समर्थन में बैंक कर्मचारी यूनियनों के पदाधिकारी और सदस्य सिविक सेंटर में एकत्रित हुए और नारेबाजी कर अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

यूनियन की मुख्य मांग है कि बैंकों में सप्ताह में 5 दिन काम की व्यवस्था तुरंत लागू की जाए। यूनियन नेताओं का कहना है कि मार्च 2024 में भारतीय बैंक संघ के साथ हुए वेतन संशोधन समझौते में सभी शनिवारों को अवकाश देने पर सहमति बनी थी, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया है। वर्तमान में बैंक कर्मचारियों को हर महीने दूसरे और चौथे शनिवार को ही छुट्टी मिलती है, जबकि पहले और तीसरे शनिवार को उन्हें कार्य करना पड़ता है। इसी व्यवस्था के विरोध में यह हड़ताल की जा रही है।

### नर्मदा नदी में उतराता मिला महिला का शव

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अंतर्गत झांसीघाट नर्मदा नदी पथरी घाट में एक अज्ञात महिला का शव उतराता मिला। मृतिका ने आत्महत्या की है या वे किसी हादसे का शिकार हुई इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस मर्ग कायम कर छानबीन शुरू कर दी है।पुलिस के मुताबिक ग्राम कोटवार सोहन लाल चढ़ार ने बताया कि वह ग्राम नीमखेड़ा झांसीघाट इंद्राआवास कॉलोनी का ग्राम कोटवार है। झांसीघाट निवासी शिव कुमार मल्लाह ने फोन कर सूचना दी कि पथरी घाट किनारे नर्मदा नदी में एक अज्ञात शव पड़ा है वह पथरी घाट पहुंचकर देखा तो एक अज्ञात महिला उम्र लगभग 25-30 वर्ष का शव पानी में पड़ा था लोगों की मद्द से शव को पानी से बाहर निकाला गया। सूचना पर मर्ग कायम कर अज्ञात मृतिका की शिनाख्तगी के प्रयास किये जा रहे हैं।



# बिना आरओ फिल्टर के पैक हो रहा था पानी

**अवैध पानी पाउच फैक्ट्री पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन की रेड, मशीन सील, पाउच जब्त**

**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने मंगलवार को सिहोरा के सिविल कोर्ट के पीछे, वार्ड नंबर-11 में स्थित अवैध पानी पाउच फैक्ट्री को बंद कराया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि मौके पर पानी बिना आर.ओ. फिल्टर के अस्वच्छता के बीच पैक किया जा रहा था और फैक्ट्री के पास कोई खाद्य लाइसेंस नहीं था। कार्रवाई में पैकिंग मशीन को सील किया गया और 15 बोरी पानी पाउच जब्त किये गए। फैक्ट्री संचालक के खिलाफ खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत मामला सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

# शिक्षक की पिटाई के बाद सदमे में थी बालिका, नहीं जा रही थी स्कूल

**14 साल छात्रा के सुसाइड मामले में दादी का आरोप जांच में जुटी रांझी पुलिस**



**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत मेजर किराना दुकान के समीप बड़ा पत्थर रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में छात्रा की दादी ने आरोप लगाया है कि एक शिक्षक ने मारपीट की थी। जिसके बाद से मृतिका परेशान थी। सदमे में रहने लगी थी। स्कूल भी नहीं जा रही थी। मंगलवार को परिजन स्कूल जाकर शिक्षक से बात करने वाले थे लेकिन इसके पहले ही छात्रा ने यह आत्मघाती कदम उठा लिया।

पुलिस ने बताया कि कुमारी रिया सिंह 14 वर्ष निवासी मेजर किराना दुकान के समीप बड़ा पत्थर रांझी ने घर पर अज्ञात वस्तु का सेवन कर लिया था। पिता जगबहादुर सिंह द्वारा मेडिकल में भर्ती कराया गया था दौरान उपचार के रिया सिंह की मौत हो गयी थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँच घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने परिजनों और सहेलियों से पूछताछ भी है। मृतिका की दादी द्वारा शिक्षक पर लगाए गए मारपीट के आरोप की जांच चल रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# 7 लाख के 15 आर्टीकल चुराने वाला कर्मचारी गिरफ्तार



**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत मदनमहल चौक स्थित एक शॉपिंग कंपनी के ऑफिस से 7 लाख रूपए के 15 आर्टीकल चोरी करने वाले कंपनी के कर्मी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से चुराये हुये 6 आईफोन, 1 मोबाईल कीमती 6 लाख रूपये के जप्त किए गए हैं। टीआई प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि रीतेश यादव निवासी दीक्षित पुरा कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि थी वे फ्लिपकार्ट में सीनियर टीम लीडर के पद पर पदस्थ है। उसका ऑफिस मदन महल चौक गढा में है। ऑफिस में आन लाईन खरीदे सामान की डिलेवरी का काम होता है। ऑफिस में करीब 90 लोग काम करते है। साहिल साहू निवासी शारदा चौक गढा जबलपुर का आफिस में हब एसोसियेट का काम करता है। कंपनी की टीम द्वारा मेल से जानकारी दी गई कि हब से शिपमेंट में जाने वाले बैग में पार्सल कम मिल रहे है। कई पार्सल गायब हुये है। जानकारी जुटई तो पता चला कि कुल 15 आर्टीकल कीमती करीबन 7 लाख रूपये के गायब है। सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले तो कर्मचारी साहिल साहू बैग से सिपमेंट आर्टीकल चोरी करते दिखाई दिया था। पुलिस ने आरोपी साहिल साहू 23 वर्ष निवासी शारदा चौक गढा को अभिरक्षा में लेते हुये पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया, आरोपी के कब्जे से चुराये हुये आर्टिकल्स में से 6 आईफोन, 1 मोबाईल, कीमती लगभग 6 लाख रूपये के जप्त करते हुये आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।





















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57